पत्र संख्या–संचिका सं0– 32/शि0नि0/08–01/2026– 71

**बिहार सरकार**

**जल संसाधन विभाग।**

**दिनांक–10.06.2026 को सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में सहयोग पोर्टल के संदर्भ में आयोजित बैठक का कार्यवाही प्रतिवेदन :–**

सहयोग पोर्टल से संबंधित अद्यतन विवरणी (दिनांक–09.06.2026)

| Total | Pending | Resolved | Rejected | Delegated |
|---|---|---|---|---|
| 778 | 185 | 515 | 78 | 642 |

लंबित 185 मामलों में से जल संसाधन विभाग के कार्यपालक अभियंता को Delegated 55 मामलो के संबंध में समीक्षा की गई। समीक्षोपरांत सचिव महोदय द्वारा निम्नलिखित निदेश दिये गये।

01. आवेदन का निस्तारन तय सीमा के अन्दर सुनिश्चित किया जाय।

02. यदि आवेदन का विषयवस्तु आपसे संबंधित नहीं है तो तीन दिनों के अन्दर संबंधित को स्थानान्तरित करने का अनुरोध किया जाय।

03. आवेदन को इस आधार पर Reject नहीं किया जा सकता है कि आवेदन उस कार्यालय से संबंधित नही है। ऐसी स्थिति में आवेदन का स्थानान्तरण संबंधित कार्यालय को कराया जाना सुनिश्चित किया जाय।

04. सभी मुख्य अभियंता अपने परिक्षेत्राधीन सहयोग पोर्टल हेतु जिलावार एक नोडल पदाधिकारी/कर्मी नामित करेगें, जो DDC कार्यालय से समन्वय स्थापित करेंगे।

05. विभागीय संरचना एवं विषयवस्तु से संबंधित प्रतिवेदन DDC को उपलब्ध करायेगे।

धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई ।

16/06/26

(आलोक कुमार)

संयुक्त सचिव–सह–नोडल पदाधिकारी

जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांकः– 71 /पटना, दिनांक– 16/06/26

प्रतिलिपिः–विशेष सचिव/ सभी अभियंता प्रमुख/ सभी मुख्य अभियंता/सभी संयुक्त सचिव/सभी अधीक्षण अभियंता/सभी कार्यपालक अभियंता/सभी उप सचिव/सभी अवर सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

16/06/26

संयुक्त सचिव–सह–नोडल पदाधिकारी

जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांकः– 71 /पटना, दिनांक– 16/06/26

प्रतिलिपिः–कार्यपालक अभियंता, (IT) जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं संबंधित को ई–मेल करने हेतु प्रेषित।

16/06/26

संयुक्त सचिव–सह–नोडल पदाधिकारी

जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना।